जनपद बाराबंकी

दिनाक- 21.05.2025

स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संुयक्त पुलिस टीम द्वारा 03 टप्पेबाजों/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से सोने व चांदी के सिक्के, तमंचा, व मोटरसाइकिल बरामद-

दिनांक 14.05.2025 को वादी पंकज सोनी पुत्र स्व0 रामसुन्दर सोनी निवासी घाटमपुर आशानगर,कोटद्वार थाना घाटमपुर दक्षिणी जनपद कानपुर नगर द्वारा सूचना दिया गया कि वह कस्बा देवा निवासी श्रीकान्त सोनी की मां वैष्णवी ज्वैलर्स की दुकान पर काम करता है। दिनांक- 12 व 13 मई 2025 को हिमांशु नाम के व्यक्ति द्वारा उसकी दुकान से सोने के सिक्के खरीदे गये तथा 03 और सोने के सिक्कों की डिमाण्ड की गई। दिनांक- 14.05.2025 को हिमांशु अपने साथी के साथ दुकान पर आकर 03 सोने के सिक्कों को देखने के बहाने उसे चकमा देकर सिक्के लेकर भाग गये। उक्त सूचना पर थाना देवा में मु0अ0सं0- 283/2025 धारा- 316(2)/318(4)/317(2) बीएनएस बनाम हिमांशु व अन्य पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना के अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तीन अभियुक्तों 1. मो0 सलीम पुत्र मो0 रफीक निवासी सहानजफ इमामबाडा म0 नं0 43 राणा प्रताप मार्ग थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ, 2. अजीम अहमद पुत्र बल्लु सिद्दिकी निवासी मो0 रिवरगंज कॉलोनी, गोला गंज थाना वजीरगंज जनपद लखनऊ, 3. मो0 रफीक पुत्र मो0 जलाली निवासी म0नं0 41 मो0 सहानजफ इमामबाडा थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ को आज दिनांक- 21.05.2025 को सिपहिया मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद पीली धातु के सिक्के, 01 अदद सफेद धातु का सिक्का, 02 अदद तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतुस .315 बोर, 03 अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 296/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 317(2) पंजीकृत किया गया।

पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है, जिनके द्वारा अन्य जनपदों में भी ठगी की ऐसी घटनाएं कारित की जा चुकी हैं, जिसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी की जा रही है। अभियुक्तगण द्वारा पहले ज्वैलर्स/दुकानदार का विश्वास जीतने के लिए उसकी दुकान पर जाकर पहले रूपये देकर ज्वैलरी/सामान खरीदा जाता है तथा और अधिक ज्वैलरी की डिमांड की जाती है एवं उसके लिए अपना फर्जी नाम बताकर कुछ एडवांस धनराशि देकर ज्वैलरी/सामान की बुकिंग की जाती है एवं निश्चित तिथि पर दुकान पहुंचकर ग्राहक को बातों में उलझाकर उसे चकमा देकर ज्वैलरी/सामान लेकर भाग जाते हैं। बरामद मोटरसाइकिल अभियुक्तगण द्वारा कमिश्नरेट लखनऊ के थाना इन्दिरा नगर से चोरी की गई है, जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. मो0 सलीम पुत्र मो0 रफीक निवासी सहानजफ इमामबाडा म0 नं0 43 राणा प्रताप मार्ग थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ
2. अजीम अहमद पुत्र बल्लु सिद्दिकी निवासी मो0 रिवरगंज कॉलोनी, गोला गंज थाना वजीरगंज जनपद लखनऊ
3. मो0 रफीक पुत्र मो0 जलाली निवासी म0नं0 41 मो0 सहानजफ इमामबाडा थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ

बरामदगी-

1. 01 अदद चोरी मोटरसाइकिल
2. 02 अदद तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस
3. 02 अदद सिक्के पीली धातु

4. 01 अदद सिक्का सफेद धातु
5. 03 अदद मोबाइल फोन

आपराधिक इतिहास-

1. मो0 सलीम पुत्र मो0 रफीक निवासी सहानजफ इमामबाडा म0 नं0 43 राणा प्रताप मार्ग थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ मुअ0सं0 930/2018 धारा 406/504/506 भादवि थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ
2. मो0 रफीक पुत्र मो0 जलाली निवासी म0नं0 41 मो0 सहानजफ इमामबाडा थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ
1. मु0अ0स0 84/2023 धारा 406/420 भादवि थाना पारा जनपद लखनऊ

पुलिस टीम-

थाना देवा

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार त्रिपाठी थाना देवा जनपद बाराबंकी।
2. उ0नि0 श्री छट्टू चौधरी थाना देवा जनपद बाराबंकी।
3. हे0का0 जितेन्द्र कुमार राय थाना देवा जनपद बाराबंकी ।
4. का0 सूरज जायसवाल, का0 रिंकु, का0 अर्जुन थाना देवा जनपद बाराबंकी।

स्वाट टीम-

1. निरीक्षक श्री ब्रजकिशोर सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री मिथिलेश चौहान
3. उ0नि0 श्री अजीज़ुल हसन
4. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 अंगद गौड़
5. हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज, हे0का0 मुकेश यादव,
6. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 जरनैल सिंह, का0 अभय कुमार,
7. का0 अंकित तोमर, का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार

सर्विलांस टीम-

1. उ0नि0 श्री अजय सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल
2. हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा
3. हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 चन्द्रभान
4. हे0का0 पवन गौतम, का0 शैलेन्द्र कुमार
5. का0 अंकुर, का0 रवीन्द्र कुमार